तापमान

अधिकतम 22.6 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

11 अधर में लटका अगवानपुर अंडरपास का निर्माण



12 पुलिस ने अवैध अतिक्रमण हटाए, व्यापारी भी जुटे



**खबर संक्षेप**

### तार चोरी गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार, केस



**गोहाना।** बिजली लाइनों से तार चोरी करने वाले गिरोह के छह आरोपितों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान पानीपत में गांव कैत के परविंद्र उर्फ बिंदर, सागर व विजय उर्फ हरिया और गोहाना में गांव मुंडलाना के दीपक उर्फ दीपू व सोनू, और गांव खानपुर कलां के आशीष के रूप में हुई। पूछताछ ने आरोपितों ने गोहाना, पानीपत, करनाल व जींद में 20 जगह से तार चोरी करने की घटनाओं का पटाक्षेप किया। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लिया। पुलिस आरोपितों से चोरी किए गए तार बरामद करने की कोशिश करेगी। बिजली निगम के एसडीओ सुनील कुमार ने सदर थाना गोहाना में दिसंबर 2024 और जून 2025 में बिजली लाइन से तार चोरी करने की शिकायत दी। चोरों द्वारा गांव ढुराणा में विद्युत आपूर्ति फीडरों से तार चोरी किए गए थे। आरोपियों प्रदेश में 20 जगह वारदात की बात कबूली।

### मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त आरोपित गांव बड़ौता निवासी मोहित पुत्र श्यामलाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। गांव घड़वाल निवासी एक महिला ने 4 दिसम्बर 2025 को थाना शहर गोहाना मे शिकायत दी 3 दिसंबर को वह अपने घर से मन्दिर जा रही थी। जब वह सांय करीब 6 बजकर 40 मिनट पर सत्यानन्द स्कूल के पास पहुंची तो उसे दौरान वह अपनी सहेली से फोन पर बात कर रही थी। उसी दौरान उसके पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक तेजी से आए और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।

### अंजीर चोरी के आरोप में चार और गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की टीम ने कोल्ड स्टोर से अंजीर के डिब्बे चोरी करने के मामले में चार और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में शिवम, अमित, रणजीत तीनों निवासी हरदोई उत्तर प्रदेश और अफज़ल निवासी पारिक नगर दिल्ली शामिल हैं। शिकायतकर्ता नवीन चन्द्र पुत्र प्रयाग दत्त निवासी गौतम कॉलोनी नरेला, जो जे एम कूल हाउस प्रा. लि. में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, ने 29 नवंबर को थाना कुण्डली में अंजीर की बॉक्स चोरी होने की शिकायत दी थी।

### छेड़खानी के मामले में कार्रवाई की धमकी देकर दस हजार रुपये मांगे थे

## जीपीआर का थाना प्रभारी पांच हजार रुपये रिश्वत लेता रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- रोहतक विजिलेंस की टीम ने दबोचा, आरोपी पांच हजार पहले ले चुका था

सोनीपत में पुलिस विभाग की छवि पर एक बार फिर सवाल उठे हैं, क्योंकि जीआरपी थाना प्रभारी विजय पाल को रोहतक विजिलेंस टीम ने 5 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस की कार्रवाई के बाद आरोपित अधिकारी को तुरंत रोहतक ले जाया गया, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सोनीपत निवासी ललित के खिलाफ करीब एक वर्ष पहले छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में दोनों पक्षों के बीच पहले ही समझौता हो चुका था, लेकिन उसके बावजूद कार्रवाई का भय दिखाते हुए थाना प्रभारी द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। पीड़ित ललित पहले ही 5 हजार रुपये आरोपित अधिकारी को दे चुका था। जब बाकी 5 हजार रुपये की दोबारा मांग की गई, तो उसे पूरा मामला संदिग्ध लगा और उसने रोहतक विजिलेंस से संपर्क करने का फैसला किया।



**सोनीपत।** विजिलेंस की टीम की गिरफ्त में आरोपी दरोगा।

#### पैसे लेते ही विजिलेंस ने आरोपी को दबोचा

विजिलेंस टीम ने शिकायत की पुष्टि करते हुए पूरी योजना तैयार की और रिश्वत देने के लिए समय और स्थान तय कराया। जैसे ही पीड़ित ने बाकी राशि आरोपी थाना प्रभारी को सौंपी, विजिलेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल इंस्पेक्टर सचिव के नेतृत्व में विजिलेंस टीम आरोपित से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस मामले में कोई और पुलिसकर्मी या कोई बाहरी व्यक्ति भी शामिल था।

### दो हजार के लिए पटवारी ने बेचा ईमान, एसीबी ने घूस लेते दबोचा

**सोनीपत।** 50 गज के प्लॉट का इंतकाल करने की एवज में दो हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे पटवारी पर शुक्रवार एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने कार्रवाई की। टीम ने पटवरी युद्धवीर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपित पटवारी युद्धवीर के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के बाद टीम आरोपी को रोहतक ले गई। शिकायतकर्ता सतबीर वर्मा ने बताया कि वह शहर के अनिल विहार का रहने वाला है। उसका एक 50 गज का प्लॉट शांति विहार शादीपुर के रकबे में पड़ता है। वह इस प्लॉट के इंतकाल के लिए पटवारी युद्धवीर से मिला। पटवारी ने प्लॉट का इंतकाल करने की एवज में रिश्वत की मांग की। उसने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो टीम रोहतक को की। एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने शिकायतकर्ता के साथ शुक्रवार को पुरानी तहसील में पहुंची। यहां शिकायतकर्ता को दो हजार रुपए के साथ आरोपित पटवारी युद्धवीर के पास भेजा। सतबीर वर्मा ने जैसे ही दो हजार रुपए आरोपित पटवारी को दिए, एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने आरोपित पटवरी को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद टीम रोहतक ले गई।

### एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से रुपये निकालने के मामले में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान ऋषभ पुत्र किशन चंद निवासी न्यू तारा नगर सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शिकायत नारायण दत्त निवासी गांव दतौली ने 3 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 सितंबर 2025 को एटीएम से कैश निकालते समय कुछ अनजान व्यक्तियों ने उनकी जानकारी के बिना उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। बाद में उनके खाते से 79,000 रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए गए। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच उप निरीक्षक कमलदीप और उनकी टीम को सौंपी गई। टीम ने तकनीकी और पारंपरिक जांच के आधार पर आरोपित की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश जारी किए गए।

### सीएम ने आधुनिक खेल प्रबंधन का भारतीय मॉडल कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया

# हरियाणा का खेल मॉडल वैश्विक नेतृत्व का बनेगा आधार : मुख्यमंत्री

**खेलों में भारतीयकरण का आधार चार 'एम' मॉडर्निटी, माइंडसेट, मैनेजमेंट और मोरल वैल्यूस बेहद कारगर साबित होंगे**



**सोनीपत/राई।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई में आयोजित आधुनिक खेल प्रबंधन का भारतीय मॉडल कॉन्फेंस में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल आज केवल खिलाड़ियों तक सीमित विषय नहीं रह गया, बल्कि यह एक विशाल रोजगार, नवाचार और विज्ञान-आधारित क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने देशभर से आए शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और खेल प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कॉन्फ्रेंस आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के खेल क्षेत्र का एक मजबूत रोडमैप तैयार करेगी।

## ओलंपिक, एशियन गेम्स व कॉमनवेल्थ खेलों में प्रदेश का जलवा

#### देश के विकास में खेलों की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और इस लक्ष्य में खेल क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर राज्य की पहचान को नई ऊंचाई दी है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और यूनिवर्सिटी गेम्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खिलाड़ियों ने देश का परचम लहराया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल प्रबंधन का भारतीयकरण केवल भारतीय प्रतीक या नाम अपनाना नहीं है, बल्कि अपने पारंपरिक खेल मूल्यों और आधुनिक वैज्ञानिक प्रबंधन को एकीकृत करना है।



#### 11 सालों में खेलों के लिए 989 करोड़ दिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले 11 वर्षों में खेल क्षेत्र में 989 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जबकि इस वित्त वर्ष के बजट में 589 करोड़ 69 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। आज राज्य में 3 राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला स्तरीय स्टेडियम, 163 राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर, 245 ग्रामीण स्टेडियम, 382 इंडोर जिम, 10 स्विमिंग पूल, 11 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, 14 हॉकी एस्ट्रोटर्फ, 2 फुटबॉल सिंथेटिक सतह और 9 बहुउद्देशीय हॉल विकसित किए जा चुके हैं।

#### भारतीय मॉडल विकसित करें

उन्होंने बताया कि इस भारतीयकरण का आधार चार 'एम' - मॉडर्निटी, माइंड सेट, मैनेजमेंट और मोरल वैल्यूस हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय डेटा ड्रिवन, टेक-इनेबल्ड और साइंस सपोर्टेड स्पोर्ट्स का होगा, इसलिए भारतीय परिस्थितियों पर आधारित एक सशक्त प्रबंधन मॉडल विकसित करना अत्यावश्यक है। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर ने आधुनिक खेल प्रबंधन का भारतीय मॉडल पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन पर प्रकाश डाला।

### जीटी रोड फ्लाईओवर पर टाटा एस अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल



गन्नौर। जीटी रोड फ्लाईओवर पर शुक्रवार सुबह टाटा एस टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर वाहनों की गति धीमी पड़ गई और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। वाहन में अधिक सामान न होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। चालक को हल्की चोट आई, जिसे स्थानीय लोगों ने वाहन से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

**हादसे के बाद रोड पर जाम लगा :** सूचना मिलते ही गन्नौर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने फ्लाईओवर के दोनों ओर वाहनों को सावधानीपूर्वक निकालते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और पलटे हुए टेंपो को किनारे करवाया। टेंपो को हटाए जाने के बाद यातायात सामान्य हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 800 मीटर में तनिष्क व अंशु सबसे तेज दौड़े

**गोहाना।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। विजेता खिलाडियों को बतौर मुख्यातिथि जिला खेल प्रभारी मनोज याद, सोनीपत से जूड़ो कोच संदीप कुमार और कबड्डी कोच राजेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अध्यक्षता स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। खेलोत्सव में वरिष्ठ वर्ग की लडक़ों की 100 मीटर दौड़ में यश, प्रिंस और मयंक जबकि लड़कियों में साक्षी, भूमिका और सुहानी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कनिष्ठ वर्ग में लडक़ों की 100 मीटर दौड़ में कनिष्क, अंशुल और वंश जबकिलड़कियों में वंशिका, कशिश और कीर्ति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग की लडक़ों की 200 मीटर दौड़ में प्रिंस, मयंक और यश जबकि लड़कियों में राधिका, प्रिया और नैन्सी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग की लडक़ों की 800 मीटर दौड़ में तनिष्क, दीक्षित और देव वहीं लड़कियों में अंशु, नैन्सी और यीशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

### लाल डोरे में रहने वाले 300 लोगों को संपत्ति प्रमाण पत्र मिले

**सोनीपत।** ओल्ड महावीर कॉलोनी के कम्युनिटी सेंटर में शुक्रवार को लाल डोरे के अंदर रहने वाले लोगों को उनकी दुकान और घर के संपति प्रमाण पत्र बांटे गए। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने इस अवसर पर लगभग 300 परिवारों को उनकी भूमि के मालिकाना हक के लिए संपति प्रमाण पत्र बांटे। नगर निगम द्वारा लगाए कैंप में वार्ड नंबर 1, 2, 6, 7 और 11 वार्ड के लोगों को संपति प्रमाण पत्र बांटे गए।विधायक निखिल मदान ने बताया कि लगभग पिछले 50 सालों से लाल डोरे के अंदर घर और दुकान बना कर रह रहे लोगों को आज तक उनकी घर की रजिस्ट्री का हक नहीं मिला था। घर और दुकान के मालिक होते हुए भी वह कागजों में मालिक नहीं थे।

#### भूस्वामी अब दुकान व मकान की रजिस्ट्री करवा सकेंगे



मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज लगभग 300 परिवारों को उनकी संपति के प्रमाण पत्र बांटे गए हैं। अब सभी भू मालिक अपने मकान और दुकान की रजिस्ट्री करा सकते हैं। इस दौरान निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी, सुरेंद्र नैय्यर, सुरेंद्र मदान, पूर्व चेयरमैन रविन्द्र दिलावर, प्रवीण सैनी, मुनीराम ठोलेदार, इंदु संजीव वलेचा, नगर निगम क्षेत्रीय कराधान अधिकारी राजेंद्र चुघ, नकीन मेहरा, भारत भूषण, नीरज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

**कोहरा बढ़ा, रफ्तार थमी, दिनभर ट्रेन का इंतजार करते रहे यात्री**

## सोनीपत रेल मार्ग पर ठंड और निर्माण कार्य का दोहरा असर, दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनें लेट

**पंजाब के राजपुरा जंक्शन और बठिंडा खंड में फरवरी तक चलेगा निर्माण कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदलते ही रेलवे यातायात पर इसका सीधा असर दिखने लगा है। शुक्रवार को दिल्ली–अंबाला रूट पर आवाजाही करने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें कोहरे व ठंड के कारण धीमी गति से चलीं। निर्माण व इंटरलॉकिंग कार्य इसके साथ जुड़ गए, जिससे हालात और भी जटिल हो गए। परिणामस्वरूप दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ कई सवारी गाड़ियां घंटों की देरी से सोनीपत स्टेशन पहुंचीं, जिससे यात्रियों को लंबे इंतजार का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक पंजाब के राजपुरा जंक्शन और बठिंडा खंड में फरवरी तक चलने वाले दोहरीकरण और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के कारण डाउन लाइन पर ट्रेनों की रफ्तार बरकरार नहीं रखी जा पा रही है। इसी तरह गाजियाबाद यार्ड में इंटरलॉकिंग निर्माण के चलते अप लाइन प्रभावित हो रही है। इन दोनों दिशा में तकनीकी कार्यों की वजह से पहले से ही धीमी हो रही ट्रेनें जब सोनीपत की ओर पहुंचती हैं, तो आगे की देरी कई गुना बढ़ जाती है।



#### पंजाब व गाजियाबाद में चल रहा मरम्मत का काम

पंजाब व गाजियाबाद में इंटरलॉकिंग संबंधित कार्य होने के कारण अप-डाउन रूट पर लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन थोड़ा देरी से हो रहा है। ट्रेनों के परिचालन की समय सारणी में सुधार किया जा रहा है। रेलवे सुविधा के लिए प्रयासरत है।
**-हिमांशु शेखर उपाध्याय**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे।

#### कोहरे का भी असर

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कोहरे की स्थिति आगे और गंभीर होती है तो अगले दिनों में भी ट्रेनें इसी तरह प्रभावित रह सकती हैं। सुरक्षा मानकों के चलते ट्रेनों को कम गति पर चलाना अनिवार्य होता है, जिससे समूचा परिचालन धीमा पड़ जाता है। एक्सप्रेस ट्रेनों को मार्ग में प्राथमिकता दी जाती है, जिसके कारण सवारी गाड़ियों को बीच के स्टेशनों पर रोकना पड़ता है। जिससे ट्रेनें लेट हो रही है।

#### दिल्ली की ओर से आने ये सवारी गाड़ियां भी देरी से पहुंची

हालात यह रहे कि शुक्रवार को दिल्ली की ओर से आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देर बाद सोनीपत पहुंचीं। आम्रपाली एक्सप्रेस 6 घंटे 18 मिनट, गीता जयंती एक्सप्रेस 3 घंटे 39 मिनट और दादर एक्सप्रेस 1 घंटे 26 मिनट लेट रही। मालवा एक्सप्रेस 1 घंटे 50 मिनट और ऊंचाहार एक्सप्रेस एक घंटे से अधिक की देरी से पहुंची। नेताजी एक्सप्रेस 1 घंटे 23 मिनट पीछे चली, जबकि 64465, 64531, 64533 और 64551 जैसी सवारी गाड़ियां भी एक से दो घंटे के बीच लेट रहीं।

#### अंबाला ट्रैक पर ये रहा हाल

अंबाला की ओर से आने वाली ट्रेनों की स्थिति भी अलग नहीं रही। शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस 3 घंटे 53 मिनट और गीता जयंती एक्सप्रेस 1 घंटे 31 मिनट की देरी से पहुंची। झेलम, मालवा और बठिंडा एक्सप्रेस लगभग एक घंटे लेट रहीं। वहीं 64454, 64452 और 64536 जैसी सवारी गाड़ियां भी यात्रियों की धैर्य परीक्षा लेती रहीं, जिनकी देरी चार घंटे तक चली गई।

## फरमाना में शरारती तत्वों ने शहीद स्मारक के नामपट्ट पर पोती स्याही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

फरमाना गांव में शहीद तेज सिंह के स्मारक स्थल पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा उनके नाम पट्ट पर काली स्याही से पुताई की गई है।जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने इस कृत्य को राष्ट्र-विरोधी मानसिकता की कायर हरकत बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। शहीद तेज सिंह के पोते सुमित ने इस घटना को शहीद की गरिमा पर सीधा हमला बताया।

उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी स्मारक को क्षति पहुंचाई गई थी। लेकिन अब शहीद के नाम-पट्ट पर काली स्याही पोतकर कुछ शरारती तत्वों ने गांव की शांति और देशभक्ति की भावना को चुनौती दी है। ऐसे लोगों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। घटना से ग्रामीणों में रोष है।




**खरखौदा।** शहीद के नाम पट्ट पर लगी काली स्याही।

#### आरोपियों के खिलाफ पुलिस चौकी में शिकायत

सुमित ने पुलिस चौकी फरमाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहीद का सम्मान हमारी अस्मिता है। उनके अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा संगठनों, सामाजिक समितियों और बुजुर्गों ने कहा कि यह एक संगठित और सोची-समझी शरारत प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य गांव में माहौल बिगाड़ना और शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचाना है। तिरंगा सेवा समिति सहित कई सामाजिक संगठनों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style



# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।


डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्दी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।




# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

## शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



## धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

## सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के भोगल में एक सार्वजनिक शौचालय के पास पेशाब करने को लेकर हुई तीखी बहस के बाद नशे में धुत युवक एवं कुछ नाबालिगों के समूह द्वारा 27 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह बारापुला फ्लाईओवर के नीचे हुई इस हत्या का मुख्य आरोपी 19 वर्षीय इमरान उर्फ पनवाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। तीन नाबालिग आरोपी भी पकड़े गये हैं। पुलिस के अनुसार तीन दिसंबर की सुबह हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी कुलदीप उर्फ राम सिंह के रूप में हुई थी। हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जांच टीम ने आसपास के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। भोगल के जैन मंदिर के पास एक शौचालय के पास लगे कैमरे की फुटेज से पहली सफलता मिली। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी की मदद से संदिग्धों की पहचान की गई। पहले भी झपटमारी और चोरी के तीन मामलों में शामिल रहे इमरान को गिरफ्तार किया गया है।

### दिनभर अदालत परिसर में पसरा रहा सन्नाटा, मुवक्किलों को उठानी पड़ी भारी दिक्कत

# देवेंद्र को जमानत मिलने के बाद बार एसोसिएशन ने हड़ताल वापस ली

**देवेंद्र को पुलिस ने मोबाइल छीनने के आरोप में किया था गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत





सोनीपत। वर्क सस्पेंड के चलते सुनसान दिखाई देते अदालत परिसर। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और अधिवक्ता देवेंद्र गौतम की गिरफ्तारी के विरोध में सोनीपत बार एसोसिएशन का वर्क सस्पेंड शुक्रवार को भी जारी रहा। वकीलों ने लगातार चौथे दिन न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया, जिसके चलते अदालत परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और मुवक्किलों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि शाम को देवेंद्र गौतम को जमानत मिलने के उपरांत बार एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। देवेंद्र गौतम को पुलिस ने एससीएसटी एक्ट और मोबाइल छीनने के आरोपों में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ वेस्ट राम नगर निवासी युवक ने शिकायत दी थी। जिस पर सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर एसीपी जीत सिंह की टीम ने आरोपी को पकड़ा था। उनकी गिरफ्तारी को गलत बताते हुए अधिवक्ताओं ने चार दिन से हड़ताल कर रखी थी, जिसके चलते न्यायिक कार्य पर बड़ा असर पड़ा।

अधिवक्ताओं का कहना था कि पुलिस ने बिना उचित आधार के कार्रवाई की, जिसका बार एसोसिएशन ने पुरजोर विरोध किया। शुक्रवार शाम अदालत से जमानत आदेश मिलते ही अधिवक्ताओं ने हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। प्रधान अनिल ढुल ने बताया कि जमानत के बाद अब शनिवार से न्यायिक कार्य सामान्य रूप से शुरू हो जाएगा। पुलिस कर्मियों की वर्दी में लगाए जाएं कैमरे इस मामले में रामराज सेवा समिति संस्थापक जयवीर हुड्डा ने बार एसोसिएशन सोनीपत के वर्क सस्पेंड के फैसले का स्वागत किया। संस्थापक जयवीर हुड्डा का कहना है कि जब पुलिस अधिकारी न्याय के रखवालों को भी नहीं बख्शते हैं तो फिर आम जनता पुलिस की तानाशाही और बर्बरता से किस तरह पीड़ित होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की जांच में पारदर्शिता की कमी होती है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज या अन्य किसी गवाह या सबूत के बिना पुलिस वालो के अत्याचार साबित नहीं हो पाते है, इसलिए पुलिस अधिकारियों की दादागिरी और तानाशाही आज भी धड़ल्ले से चल रही है, इसलिए आज के समाज को उचित न्यायिक कार्यवाही प्रदान हो ओर पुलिस जांचों में पारदर्शिता आए इसके लिए हम सरकार से अपील करते है कि पुलिस अधिकारियों की वर्दी में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए और पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

**मुवक्किलों को हुई निराशा, लौटे वापस**

लगातार दो दिनों से वर्क सस्पेंड रहने के कारण सोनीपत की अदालतों में कोई कामकाज नहीं हो सका। विभिन्न मामलों में तारीख पर आए मुवक्किलों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। उन्हें अपनी सुनवाई की अगली तारीख के लिए इंतजार करना पड़ेगा। वकीलों के काम पर न आने के कारण अदालत परिसर लगभग सुना दिखाई दिया, जिससे न्याय की आस में आए लोगों को परेशानी हुई।



खरखौदा। छात्राओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

## वैष्णवी ने भारोत्तोलन स्पर्धा में कब्जाया स्वर्ण पदक

- प्रतियोगिता खेलो इंडिया इंदौर स्टेडियम इटानगर में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ की छात्रा वैष्णवी ने राष्ट्रीय स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। अंडर- 17 के 69 वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपने अकादमी, विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया इंदौर स्टेडियम इटानगर में हुई थी।

वैष्णवी ने इस प्रतियोगिता में 77 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया और प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी भार वर्ग में मिरल ने द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुँचने पर विजेता विद्यार्थियों का फूल-माला व नकद राशि से स्वागत किया गया। प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु ने विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षक सत्यवान को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय व खेल अकादमी के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ी छात्रा वैष्णवी व मिरल के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाती है। उनकी जीत ने यह साबित कर दिया है कि वह भविष्य में देश के लिए और भी बड़ी सफलताएं अर्जित करने की क्षमता रखती हैं।

# कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास से जीवन में सफलता जरूर मिलेगी : पवन

**द स्टैनफोर्ड स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह उत्साह, ऊर्जा और अनुशासनपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा तथा विशिष्ट अतिथि सोमबीर आर्य रहे। विद्यालय पहुंचने पर दोनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह की शुरुआत आकर्षक मार्च पास्ट और खेल ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई। जिसमें चारों सदनों की प्रस्तुतियां दर्शकों द्वारा पसंद की गई। मंच संचालन बिंदिया और अंजली ने प्रभावी, संयमित और गरिमामय ढंग से किया। मुख्य अतिथि पवन खरखौदा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब तक लक्ष्य हासिल न हो तब तक चलते रहो। प्रयास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी इस बार अच्छा नहीं कर पाए, वे निराश न हों। कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास से अगली बार सफलता अवश्य मिलेगी। विशिष्ट अतिथि सोमबीर आर्य ने बच्चों के उत्साह और विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्टैनफोर्ड स्कूल शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से चेयरमैन उत्सव दहिया व स्कूल डायरेक्टर पूजा उत्सव दहिया ने कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीमवर्क को भी विकसित करते हैं। को-फाउंडर इंद्रावती ने खेल भावना को जीवन का आवश्यक अंग बताया। प्राचार्य संजीत नैन ने कहा कि खेल छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।



खरखौदा। मुख्यातिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल विधायक पवन खरखौदा।

# सरकारी अधिसूचना की पालना नहीं कर रहे कुलपति : यूनियन

### गैर शिक्षक कर्मचारी यूनियन का लंबित मांगों को लेकर धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में गैर शिक्षक कर्मचारी यूनियन का दो वर्ष से लंबित मांगों को लेकर धरना पांचवें दिन जारी रहा। कर्मचारी यूनियन ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में सरकार की ओर से जारी अधिसूचना की पालना नहीं हो रही है। कुलपति ने आज तक महिलाओं को 20 से बढ़ाकर 25 आकस्मिक अवकाश देने के निर्देश जारी नहीं किए हैं, जबकि अन्य विश्वविद्यालयों में इसकी पालना हो रही है। यूनियन के प्रधान आनंद राणा ने आरोप लगाया कि दो वर्ष से विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। कुलपति जहां अपने आवास व कार्यालय में पांच सितारा जैसी सुविधाओं का लाभ रहे हैं, बिजली जाने पर जनरेटर की सुविधा है। वहीं छात्र व कर्मचारी आए दिन बिजली तार टूटने से परेशान रहते हैं। इन तारों की फीटिंग वर्ष 1987 में करवाई गई थी, जिन्हें आज तक बदला नहीं गया है। उप प्रधान सुरेश पूठी ने बताया कि कर्मचारी की लंबित मांगे पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। उच्च न्यायालय से केस जीतने के बाद भी टाइपिंग टेस्ट इंक्रीमेंट का फायदा कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा है। मंच संचालन महासचिव नीरज आंतिल ने किया। धरने में सतीश शर्मा, प्रदीप छिक्कारा, नरेंद्र मलिक, ओमप्रकाश, राजकुमार कक्कड़, अनीता, सरिता मौजूद रही।



सोनीपत। मुरथल विवि में खस्ताहाल में डी टाइप आवास।

**दो साल से अटका डी-टाइप आवास का पुनर्निर्माण**

*मुरथल विश्वविद्यालय में करीब 40 लाख रुपये की लागत से होने वाला डी-टाइप आवास का पुनर्निर्माण दो वर्ष से अटका हुआ है। ऐसे में कर्मचारी शहर में किराये पर रहने को मजबूर हैं। कार्य की लागत राशि दो वर्ष से कुलपति प्रबंधन के पास है। विश्वविद्यालय में यह कार्य करवाना कुलपति के अधिकार क्षेत्र में हैं, जबकि वह इस मामलों में कोई सुध नहीं ले रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले चार हत्थे चढ़े

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने यूपी और दिल्ली के गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। चार हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम बाबू उर्फ असलम (22), संतोष उर्फ संदीप चौहान (32), मोहम्मद बिलाल (22) और अजीम उर्फ गटुआ (35) पता चलें। इनके पास से पांच पिस्टल, तीन देसी कट्टे और 30 कारतूस बरामद हुये हैं। ज्वांइट सीपी विजय सिंह के अनुसार स्पेशल स्टाफ की टीम को बाबू के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मॉडल टाउन स्थित एमसीडी कॉलोनी, क्वीन मैरी स्कूल के पास ट्रैप लगाया गया। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगा। पीछा कर दबोचा गया।

### मां की हत्या केस में भगौड़ा बेटा पकड़ा

**नई दिल्ली।** 2017 में मां की हत्या के मामले में अंतरिम जमानत के बाद फरार हुये आरोपी बेटे को क्राइम ब्रांच ने भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अनिमेष झा 2020 में फरार हुआ था और उसे भगौड़ा घोषित कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार 42 साल का अनिमेष झा द्वारका का रहने वाला है। द्वारका कोर्ट ने इसे 22 अक्टूबर 2024 को द्वारका नॉर्थ थाने के हत्या केस में भगौड़ा अपराधी घोषित किया था। उसे कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 में अंतरिम जमानत दी गई थी, लेकिन उसके बाद वह ट्रायल में शामिल नहीं हुआ और कानून की प्रक्रिया से बचने के लिए नेपाल भाग गया था। हत्या का यह मामला 28 फरवरी 2017 को रिपोर्ट हुआ था।

# आठ दिन बाद खराब श्रेणी से बाहर हुई हवा की गुणवत्ता

- मौसम ने ली राहत की सांस, एक्यूआई 288 पर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सर्दी के मौसम में बदलाव का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे सोनीपत के निवासियों को कंपकंपाती ठंड से थोड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले 22.1 डिग्री सेल्सियस था। इसी प्रकार, न्यूनतम तापमान भी 4.1 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 5.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। तापमान में यह उछाल लोगों को सुबह और शाम की भीषण ठंड से मामूली आराम दे रहा है। इस बदलाव के साथ ही सबसे बड़ी राहत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के मोर्चे पर मिली है। शुक्रवार को एक्यूआई 288 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी के अंतर्गत आता है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शहर का वातावरण आठ दिन बाद 'बेहद खराब' श्रेणी से बाहर आया है। प्रदूषित हवा के लगातार दबाव के बीच यह सुधार एक सकारात्मक संकेत है। दिन भर मौसम में 8 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से हवा चलती रही, जिसने संभवतः प्रदूषण के कणों को छितराने में कुछ मदद की। हालांकि, एक्यूआई का 'खराब' श्रेणी में बने रहना अब भी स्वास्थ्य के प्रति चिंता का विषय है, खासकर संवेदनशील आबादी के लिए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में मामूली वृद्धि और हवा की गति में स्थिरता ने वातावरण को सुधारने में योगदान दिया है।



सोनीपत । राई क्षेत्र में जलाई गई आग। फोटो :हरिभूमि

# पुलिस लाइन में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**117 से अधिक पुलिसकर्मियों व परिजनों का परीक्षण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पुलिस लाइन सोनीपत में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया, जिसमें मैमोरियल हॉस्पिटल सोनीपत के चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 117 से अधिक पुलिसकर्मियों, उनके परिजनों व डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं का आधुनिक उपकरणों से विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांचों में बोन मिनरल डेंसिटी, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, शुगर, ब्लड प्रेशर, दंत, नेत्र तथा अन्य लेब जांचें शामिल रहीं। सभी को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। जिला पुलिस कल्याण शाखा प्रभारी निरीक्षक जसमेर कादियान ने कहा कि पुलिस कर्मियों का कार्य समय अनिश्चित होता है, इसलिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर निरीक्षक जसमेर कादियान ने सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर फार्मेसी ऑफिसर देवेन्द्र सिंह, डॉ. समीर मेहता, डॉ. गौरव रणधावा, डॉ. गौरव सिंगला, डॉ. अमनदीप कौर, डॉ. अनिल पांडेय, डॉ. मोहित, डॉ. रमा, सिमरन, प्रवीन नर्सिंग स्टाफ और नरेन्द्र बेनीवाल शामिल रहे।



सोनीपत। पुलिस लाइन में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करते हुए चिकित्सक।

# तमिलनाडु पुलिस की बस से टकराई कार, दोनों वाहन खाक

**टक्कर लगते ही कार व बस में भीषण आग लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले के हरि नगर थाना इलाके में स्थित वीरेंद्र नगर के पास शुक्रवार सुबह तमिलनाडु पुलिस की बस को एक तेज रफ्तार बलेनो कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार व बस में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि दोनों ही वाहनों में सवार लोग समय रहते बाहर निकल गये जिससे किसी जान का नुकसान नहीं हुआ। उधर, मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर क्राइम व एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर जांच की है।पुलिस के अनुसार जांच के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि आग किस वजह से लगी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। डीसीपी डीएस भास्कर ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11:38 बजे हरि नगर थाना पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि दिल्ली हाट के पास एक बस में आग लग गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि तमिलनाडु पुलिस की एक बस को पीछे से बलेनो कार ने टक्कर मार दी थी। कार बस के पिछले हिस्से में फंसी हुई थी। टक्कर लगते ही आग लग गई और दोनों वाहन पूरी तरह से जल गए। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया। हादसे के बाद कार में एक और बस में चार लोग मौजूद थे।

**परेशानी** विभागीय तालमेल की कमी और जिम्मेदारियों को एक-दूसरे पर थोपने से हो रही देरी

**अधूरी खोदी सड़क और बंद पड़ा रास्ता ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी**

# अगवानपुर रेलवे अंडरपास का निर्माण कई सालों से अधर में लटका, आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

अगवानपुर रेलवे अंडरपास का निर्माण कई सालों से अधर में लटका है। परियोजना शुरू होने के बाद से ही विभागीय तालमेल की कमी और जिम्मेदारियों को एक-दूसरे पर थोपने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा। स्थिति यह है कि अधूरी खोदी गई सड़क और बंद पड़ा रास्ता ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोग लंबे समय से इस मार्ग के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विभागीय खींचतान के चलते समाधान दूर दिखाई देता है। मामले में सबसे बड़ी समस्या अंडरपास मार्ग में आ रहे पेड़ों की कटाई को लेकर है। रेलवे विभाग ने बिना अनुमति पेड़ काटे थे, जिस पर वन विभाग पहले ही जुर्माना लगा चुका है। इसके बाद से रेलवे विभाग पेड़ों की कटाई के लिए एनओसी लेने को तैयार नहीं है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अंडरपास के कुछ हिस्सा पीडब्ल्यूडी की सीमा में आता है और उस सीमा में आने वाले पेड़ कटवाने की जिम्मेदारी भी पीडब्ल्यूडी की ही है। पीडब्ल्यूडी वन विभाग से एनओसी नहीं ले रहा जिस वजह से उनका निर्माण कार्य अटक गया है। पीडब्ल्यूडी की जमीन पर रेलवे नहीं ले सकता एनओसीः रेलवे विभाग के जेई कंस्ट्रक्शन राजेंद्र अग्रवाल के अनुसार अंडरपास निर्माण रेलवे कर रहा है, लेकिन जमीन का कुछ हिस्सा पीडब्ल्यूडी की सीमा में आता है। उस हिस्से में वन विभाग के पेड़ खड़े हैं। रेलवे विभाग पीडब्ल्यूडी की जमीन पर वन विभाग से एनओसी नहीं ले सकता, क्योंकि जमीन पर मालिकाना हक पीडब्ल्यूडी का है। जिस वजह से काम रुका हुआ है। -विभागों के बीच खींचतान में अटका काम

विभागों के बीच खींचतान की वजह से पिछले कई महीनों से काम पूरी तरह ठप है। रेलवे ने अंडरपास का रास्ता उखाड़ तो दिया है, लेकिन उसे अधूरा छोड़ देने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों और राहगीरों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





गन्नौर। अधर में रुका अगवानपुर रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य।

**पीडब्ल्यूडी ने रेलवे के दावे को बताया गलत**

*पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने रेलवे के दावों को पूरी तरह गलत करार दिया है। विभाग का कहना है कि अंडरपास रेलवे का प्रोजेक्ट है, पीडब्ल्यूडी का नहीं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार उनकी कुछ जमीन जरूर परियोजना में आ रही है, लेकिन उसे रेलवे को देने में विभाग गौर करने को तैयार है। ऐसे में वन विभाग से एनओसी लेने और फीस जमा कराने की जिम्मेदारी रेलवे विभाग की ही बनती है।*

## खबर संक्षेप



खरखौदा। जागरूकता रैली निकालते हुए महाविद्यालय की छात्राएं।

### एचआईवी/एड्स के प्रति छात्राओं ने किया जागरूक

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और डॉ दिनेश की अध्यक्षता में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेड क्रॉस सेल द्वारा उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकुला और हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी तथा जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में 1 से 30 दिसंबर तक एचआईवी एड्स विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूपिटर सदन प्रथम

**गोहाना।** गोहाना-महम मार्ग पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजबीर राठी और प्रबंधक उत्तम राठी का रहा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में जूपिटर सदन की टीम प्रथम रही।

### महिला समेत 40 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** शुक्रवार को शहर में समता चौक के समीप स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के वार्षिक रक्तदान शिविर में एक महिला समेत 40 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर के मुख्य अतिथि गोहाना के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सीडी शर्मा थे। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता अखिल जैन ने की जबकि संयोजन अमित सैनी का रहा। शिविर में बैंक शाखा के कर्मचारियों में आदेश कौशिक, सचिन कपूर, मंजीत, रमेश कुमार, विकास सिंह, अनिल सिंह और विक्रम ने रक्तदान का पुण्य कमाया।

**अतिक्रमण पर लिया एक्शन:** लोगों को जाम से मिली राहत, निरीक्षक देशराज के नेतृत्व में अभियान चलाया

# अतिक्रमण पर पुलिस का डंडा, ककरोई व तिरंगा चौक समेत कई क्षेत्रों पर की कार्रवाई

## अवैध अतिक्रमण हटाने में नगर निगम की टीम भी शामिल रही

*निरीक्षक देशराज के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें नगर निगम की टीम भी शामिल रही। इस अभियान का मुख्य फोक्स ककरोई चौक और तिरंगा चौक जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर रहा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक विशेष और व्यापक अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के आदेश और पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक एवं क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देशन में यह कार्रवाई की गई, जिससे शहरवासियों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से राहत मिली है। निरीक्षक देशराज के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें नगर निगम की टीम भी शामिल रही। इस अभियान का मुख्य फोक्स ककरोई चौक और तिरंगा चौक जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर रहा। इन स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे अवैध रूप से रखा गया सामान, सड़क किनारे लगाई गई रेहड़ियां और गलत तरीके से खड़े किए गए वाहनों को सख्ती से हटवाया गया। यातायात व्यवस्था में बाधा डालने वाले दुकानदारों और वाहन चालकों को मौके पर ही समझाया गया और उन्हें भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक देशराज अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और सुनिश्चित किया कि कार्रवाई प्रभावी ढंग से हो। पुलिस विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने में पुलिस का सहयोग करें और अतिक्रमण से बचें, ताकि सभी के लिए आवागमन आसान हो सके। यह अभियान शहर की यातायात व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।



सोनीपत। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस और निगम की टीम।



सोनीपत। ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान व्यापारियों के साथ पुलिस अधिकारी।

### बन जाती है दुर्घटना की स्थिति

गौरतलब है कि शहर के मुख्य चौकों और मार्गों पर दुकानों के बाहर रखे सामान और सड़क पर लगाई गई रेहड़ियों के कारण अक्सर ट्रैफिक जाम और दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। इस अभियान के दौरान ककरोई चौक के पास कुछ दुकानदारों द्वारा रेहड़ियों से किराया वसूली किए जाने की भी जानकारी मिली है, जिस पर अब पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### भविष्य में भी जारी रहेगा अभियानः कादयान

पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेंद्र कादयान ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने, सड़क किनारे वाहन खड़ा करने, अवैध अतिक्रमण करने और निर्धारित स्थानों से बाहर ऑटो खड़ा करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जाम से निजात दिलाने को पुलिस-व्यापारी साथ

**सोनीपत।** सोनीपत शहर में बढ़ते यातायात दबाव और लगातार लग रहे जाम को देखते हुए पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेन्द्र कादयान ने सोमवार को शहर का विस्तृत दौरा कर ट्रैफिक व्यवस्था का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रमुख बाजार क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले मार्गों और संवेदनशील स्थानों का जायजा लेते हुए व्यापार मंडल सोनीपत तथा स्थानीय दुकानदारों के साथ विशेष बैठक की। बैठक का प्रमुख उद्देश्य जाम की वास्तविक वजहों को समझना और उन समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकालना था, जिससे आमजन को सुचारू यातायात मिल सके। बैठक में व्यापारियों और प्रशासन ने स्वीकार किया कि शहर में जाम की सबसे प्रमुख समस्या अतिक्रमण है। कई दुकानदार दुकानों के बाहर फुटपाथ और सड़कों पर सामान रखकर जगह घेर लेते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और यातायात बाधित होता है। इसके अलावा सड़क किनारे अवैध पार्किंग और गलत तरीके से खड़े किए गए वाहन भी जाम की मुख्य वजह हैं। बाजारों में मालवाहक वाहनों द्वारा अनियमित समय पर माल उतारने-चढ़ाने से भी जाम की स्थिति बन जाती है।

### खींची जाएगी पीली लाइन

विस्तृत चर्चा के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कई सख्त और प्रभावी कदम उठाने का निर्णय लिया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज किया जाएगा, जिसमें सड़क पर रखा अतिक्रमित सामान तुरंत जब्त किया जाएगा। कच्चे क्वार्टर मार्केट जैसे इलाकों में दुकानदारों के लिए पीली लाइन खींची जाएगी, ताकि वे निर्धारित क्षेत्र में ही अपना सामान रख सकें और सड़क पर अतिक्रमण न हो। अवैध पार्किंग करने वालों तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालान करने और जरूरत पड़ने पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी भी प्रशासन ने दी। साथ ही, शहर के मुख्य मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि यातायात व्यवस्था निरंतर नियंत्रित रह सके। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था तभी सुधर सकती है जब प्रशासन, व्यापारियों और नागरिकों तीनों का सहयोग मिले।

# बाल भवन में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के प्रथम दिन दिखाई प्रतिभा

- बलून रिलीज, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान तथा वेलकम सांग ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के प्रथम दिवस उत्साह, जोश और उत्कृष्ट खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वेलकम एवं इंट्रोडक्शन से हुई, जिसके बाद आकर्षक मार्च पास्ट, शपथ ग्रहण समारोह और टॉर्च बीयरिंग ने समारोह में ऊर्जा भर दी।

बलून रिलीज़, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान तथा वेलकम सांग ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। औपचारिक घोषणा के साथ स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया गया। बाल वाटिका-1 से ग्रेड 8 तक की विभिन्न दौड़ों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन जीत लिया। ज़ुम्बा प्रस्तुति और स्टाफ की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में मनोरंजन का विशेष रंग जोड़ा। दिवस का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां विभिन्न रेसों के विजेताओं को मेड़ल और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



गन्नौर। प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता बेलुन छोड़कर शुभारम्भ करते एवं प्रस्तुति देते हुए स्कूल के छात्र ।

### सुई से नशा देता है कई बीमारियों को जन्म

**सोनीपत।** परिवहन विभाग हरियाणा के चालक प्रशिक्षण संस्थान मुरथल में नशा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काउंसलर जितेंद्र कुमार ने कहा कि सुई से नशा या फिर सुई का सांझा करने वाले व्यक्ति एचआईवी और हेपिटाइटस बी/सी और अन्य बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। ये बीमारियां हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देती हैं। उन्होंने बताया कि सोनीपत नागरिक अस्पताल में ओएसटी सेंटर बनाया गया है, जहां पर ऐसे लोगों की काउंसलिंग की जाती है। इस दौरान सीएचसी बढ़खालसा से जयविंद्र ने एचआईवी एड्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नवनीत सिंह, बलविंद्र कौर, संजय आदि मौजूद रहे।

# विश्व दिव्यांग सप्ताह के समापन पर नृत्य, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए

## हस्तक्षेप दिव्यांग बच्चों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैः नानकचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ में विश्व दिव्यांग सप्ताह का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें दिव्यांग एवं प्रशिक्षित शिक्षको ने नृत्य, नुक्कड़ नाटक, संगीत, कविता और भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह के शुभ अवसर पर हवन किया गया। जिसमें संस्था के अध्यापक, विद्यार्थी और अतिथियों ने आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। संस्थान के चैयरमेन नानकचंद गुप्ता, निदेशिका ध्वनि गुप्ता ने कार्यक्रम की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समय पर किया गया हस्तक्षेप दिव्यांग बच्चों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में कर उन्हें समय पर उचित सहायता, थेरेपी और शैक्षिक सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन में अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर और सक्षम बन सकें। समय पर किया गया हस्तक्षेप दिव्यांग बच्चों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




राई। दिव्यांग सप्ताह के समापन पर अतिथियों का स्वागत करते नानकचंद गुप्ता।

### कोहरे में सुरक्षाः सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर लगाई निशुल्क रिफ्लैक्टर टेप

**सोनीपत।** बढ़ती सर्दी और घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सुरक्षा अभियान चलाया है। पुलिस आयुक्त ममता सिंह और पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में यह पहल की गई है, जिसका उद्देश्य खराब दृश्यता में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस विशेष अभियान के तहत, आरटीओ कार्यालय सोनीपत द्वारा उपलब्ध कराई गई रिफ्लैक्टर टेप को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 और शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों पर निःशुल्क लगाया। यह टेप मुख्य रूप से ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और दोपहिया वाहनों पर लगाई गई है, जो अक्सर कोहरे में कम दृश्यता के कारण दुर्घटना का शिकार होते हैं। पुलिस टीम ने रूट डायवर्जन स्थलों और सड़क किनारे लगे ट्रैफिक चिह्नों पर भी रिफ्लैक्टर टेप लगाई ताकि वे कोहरे के दौरान अधिक स्पष्ट दिखें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# सफाई कर्मियों का डीसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने उठाई स्थयी भर्ती और वेतन बढ़ोतरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लघु सचिवालय पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनीपत जिला संयोजक राजेश कुमार टोकी ने की, जबकि संचालन सह संयोजक और राई ब्लॉक प्रधान राजेश रसोई ने संभाला।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राजेश कुमार टोकी ने कहा कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में एक भी सफाई कर्मचारी की स्थाई भर्ती नहीं की और न ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया, जिससे सरकार की मंशा सवालों के घेरे में है। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2024 को जींद में घोषित वेतन और 11 जून को कबीर जयंती पर की गई बढ़ोतरी आज तक ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नहीं मिली, जबकि शहरी कर्मचारियों को इसका लाभ मिल चुका है। सह संयोजक राजेश रसोई ने पंचायत विभाग द्वारा जारी निर्देशों को कर्मचारियों के लिए बेगार का लाइसेंस बताते हुए कहा कि इस आदेश ने सफाई कर्मियों पर अतिरिक्त दबाव और उत्पीड़न की आशंका बढ़ा दी है। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि बीडीपीओ के अधीन 5-6 गांवों का जोन बनाकर एक सुपरवाइजर लगाया जाए और ऑफलाइन हाजिरी का प्रावधान किया जाए।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी।

### कर्मचारी यूनियन की बढ़ती नाराज़गी

यूनियन ने आरोप लगाया कि सरकार एक हजार की आबादी पर एक कर्मचारी लगाने की घोषणा पूरी नहीं कर पाई, जिससे आज ग्रामीण क्षेत्रों में 9795 पद खाली पड़े हैं। बजट हर महीने जारी होने से भी वेतन समय पर नहीं मिल पाता। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगे पूरी न होने पर पर आंदोलन किया जाएगा। मुख्य मांगों में सभी सफाई कर्मियों को पक्का करने, घोषित वेतन लागू करने, महंगाई भत्ते से वेतन जोड़ने, वेतन बढ़ोतरी को एरियर सहित लागू करने, एक्सग्रेशिया नीति, सेवानिवृत्ति लाभ, ऑफलाइन हाजिरी, समय पर वेतन भुगतान, ईपीएफ-ईएसआई, बकाया वेतन, वर्दी और सफाई भत्ते में बढ़ोतरी तथा बोनस शामिल हैं।



गन्नौर। सेवानिवृत्त हुए श्याम प्रकाश किल्सन की सेवानिवृत पर संबोधित करते।

## सेवानिवृत्ति पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**गन्नौर।** पंजाब नेशनल बैंक में पानीपत मंडल कार्यालय मुख्य प्रबंधक गन्नौर वासी श्याम प्रकाश किल्सन 34 वर्षों तक अपनी सेवाए देने के बाद सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रहमचारी ने संसद सत्र होने के चलते सेवानिवृत की बधाई दी। पूर्व विधायक सुरेन्द्र पवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जिलाध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया, जयवीर आंतिल के अलावा पंजाब नेशनल बैंक एससीएसटी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के अखिल भारतीय अध्यक्ष उमेद सिंह, महासचिव सुशील कटारिया, पानीपत सर्कल के अध्यक्ष विजय इंदौरा और ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एसोसिएशन के हरियाणा के एजीएस जितेंद्र सरदाना शामिल हुए और किल्सन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। पीएनबी के उप महाप्रबंधक अनुज वर्मा ने कहा कि श्याम प्रकाश किल्सन जैसे कर्मठ और अनुशासित कर्मचारी किसी भी संस्था की नींव को मजबूत करते हैं। सेवानिवृत श्यामप्रकाश किल्सन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक में बिताए गए वर्ष उनके जीवन की महत्वपूर्ण पूंजी हैं। समारोह में अतिथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**दिल्ली रैली के लिए कांग्रेस ने लगाई नेताओ व कार्यकर्ताओं की ड्यूटी**

# भाजपा ने वोट चोरी कर सरकार बनाई : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के खिलाफ 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर आज हरियाणा कांग्रेस की सोनीपत में महत्वपूर्ण बैठक हुई। दिवान फार्म पर हुई बैठक में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और जींद जिले के नेता व कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। पार्टी नेतृत्व में रैली को लेकर सभी की ड्यूटी निर्धारित की।

बैठक में प्रदेश प्रभारी बीके हरीप्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र, पार्टी सहप्रभारी जीतेन्द्र बघेल, सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, सतपाल ब्रह्मचारी, बैकवर्ड सैल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सैनी, एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी, पांचो जिलों के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सभी ग्रामीण व शहरी प्रधान, पूर्व प्रधान, कांग्रेस पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों के प्रमुख नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस शहरी अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण अध्यक्ष संजीव दहिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत करते हुए कमल दिवान एव संजीव दहिया।

### वोट चोरी पर कांग्रेस की तैयारी

*पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर है। पार्टी के तमाम बड़े नेता रैली में पहुंचेंगे और वोट चोरी के मुद्दे पर अपनी बात जनता के सामने रखेंगे। हरियाणा में बीजेपी ने वोटों में धांधली करके सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने बाकायदा इसके सबूत पेश किए हैं। यह भी सभी ने देखा कि कैसे वोटिंग के बाद हर दिन वोट की प्रतिशत बढ़ती रही। लेकिन आज तक चुनाव आयोग इस बात का जवाब नहीं दे पाया कि लगातार तीन दिनों तक अपने आप वोट कैसे बढ़ रही थीं?*

### चंडीगढ़ और एसवाईएल पर सरकार की नाकामी उजागर

इस मौके पर हुड्डा ने चंडीगढ़ के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। क्योंकि चंडीगढ़ और एसवाईएल को लेकर स्पष्ट है कि भाजपा सरकार हरियाणा के हकों की रक्षा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। इससे हरियाणा के हितों का नुकसान हो रहा है। यह सरकार न तो नई विधानसभा के लिए जमीन ले पा रही है और न ही एसवाईएल का पानी। चंडीगढ़ को लेकर भाजपा की नीति ढुलमुल है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद भाजपा हरियाणा को उसका हक का पानी नहीं दिला पाई है। खुद केंद्र सरकार स्पष्ट नहीं कर पा रही कि दोनों राज्यों की साझा राजधानी रहेगी या पूरी तरह केंद्र शासित प्रदेश बन जाएगा। इन तमाम मुद्दों पर हरियाणा के हित के लिए विधानसभा के भीतर चर्चा होनी चाहिए।